





## एक नजर में



### अवैध शराब का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**रेहटी.** अवैध रूप से शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों को के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही करते हुए धर दबोचा है. आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब भी बरामद की गई. जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कलवाना नहर के पास से कार को रोककर चैकिंग की. कार चालक ने अपना नाम सौरभ पिता अशोक निवासी डिमावर बताया तथा साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भोलाराम पिता राधाकृष्ण बताया. कार में 79 लीटर शराब पाई गई. जिसकी अनुमानित कीमत 57 हजार से अधिक बताई गई. पुलिस ने कार सहित आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की.




### इनरव्हील क्लब का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

**आष्टा.** इनरव्हील क्लब द्वारा वार्षिक मीटिंग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भोपाल की इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 304 की चेयरमैन विभा सिंह ने अध्यक्षता की .नपाध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. चेयरमैन विभा सिंह ने कहा कि केवल सहायता करना ही क्लब का उद्देश्य नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाना, महिलाओं पर होने वाले मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक उत्पीड़न के विरुद्ध भी आवाज उठाना आवश्यक है. इस अवसर पर अध्यक्ष संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, दीपिका सोनी, श्रद्धा पालीवाल, अर्चना सोनी, जयश्री शर्मा, हेमलता सोनी, सुधा सेठिया, चंदा वोहरा, सरोज पालीवाल, जया वोहरा, डॉ. अर्चना सोनी, प्रतिभा नागर, विद्या खंडेलवाल, सुनीता नागर, किरण पारख, आशा सोनी, आरती शर्मा, सीमा बैरागी, गीता सोलंकी, जुली वैष्णव, रीना शर्मा, मंदा कासलीवाल, किरण रांका, दीप्ति सोनी मौजूद रहीं.



### महिलाओं ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**बुधनी.** इंदौर में दूषित एवं सीवरेज मिश्रित पानी के सेवन से लगभग 18 लोगों की मौत तथा सैकड़ों लोगों के बीमार होने की हृदयविदारक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है. नगर में प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव कंचन शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालकर इंदौर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की. महिलाएं हाथों में मोमबत्तियां लेकर बुधनी घाट पर एकत्रित हुई और मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाने की मांग की.



### विदेशों तक निर्यात कराएंगे मिट्टी से बने आयटम : अरुणा

**सीहोर.** कुम्हार मोहल्ला में समाजसेवी अरूणा सुदेश राय ने चॉक मशीन पर मिट्टी से दीपक बनाकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया. इस मौके पर भाजपा जिलामंत्री प्रीति सोनी समाजसेवी संतोष विजयवर्गीय भी उपस्थित रहीं. प्रशिक्षण ले रहीं महिलाओं के बीच अरूणा सुदेश राय द्वारा तिल्ली के लड्डु बांटकर मकर संक्रांति पर्व भी मनाया गया. अरुणा राय ने कहा कि सीहोरी मिट्टी से बने गुणवत्तापूर्ण सजावटी,घरेलू उपयोगी खेल खिलौनों सहित अन्य सभी आयटम के लिए शहर में बाजार उपलब्ध कराएंगे और विभाग के सहयोग से विदेशों तक भी निर्यात कराने का प्रयास करेंगे. भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी ने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह प्रशिक्षण उपयोगी सिद्ध होगा. अंत में अरूणा राय ने कहा कि सभी महिलाओं को जरूरी साजोसमान उपलब्ध कराया जाएगा.



### सड़क निर्माण से क्षेत्र में बढ़ा वायु प्रदूषण, राहगीर परेशान

**सीहोर.** बिलकिसगंज क्षेत्र में चल रहे सीहोर-भोपाल सड़क निर्माण कार्य के कारण वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन गया है. खुदाई, मलबे और भारी वाहनों की आवाजाही से उडने वाली धूल ने पूरे इलाके को प्रदूषित कर दिया है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है. दिनभर उड़ती धूल से घरों, दुकानों और सड़कों पर धूल की मोटी परत जम जाती है. खासकर बच्चे, बुजुर्ग और दमा व सांस संबंधी रोगों से पीड़ित लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं. लोगों का कहना है कि बिलकिसगंज जोड़ चौराहे पर विगत एक सप्ताह से रोड़ खुदा पड़ा हुआ है. परन्तु पिछले के कई दिनों से निर्माणाधीन रोड़ पर पानी नहीं डाला गया जिससे लोग खासे परेशान हैं

# चैम्पियन नहीं अव्यवस्था पैदा कर रहा संस्थान

## प्रदेश के एकमात्र शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में खिलाड़ियों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़



**सीहोर.** प्रदेशभर से खिलाड़ी बनने का सपना लिए आए इन छात्रों को आवासीय खेलकूद संस्थान में घटिया भोजन दिया जा रहा है.

- प्रबंधन की लापरवाही ने दिया अव्यवस्था को बढ़ावा
- सालों से स्कूल में टिके प्रबंधन को बदलने की उठी मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 08 जनवरी. नगर स्थित प्रदेश का एकमात्र आवासीय खेलकूद संस्थान इन दिनों खुद अव्यवस्थाओं का अखाड़ा बन चुका है. जिस संस्थान से प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मिलने थे, वहां आज बुनियादी सुविधाओं का अभाव खिलाड़ियों के सपनों को कुचल रहा है. संस्थान में रहने वाले खिलाड़ियों को न तो समुचित आवास मिल पा रहा है और न ही पौष्टिक भोजन.**

प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित प्रदेश का एकमात्र आवासीय खेलकूद संस्थान इन दिनों अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है. सुविधाओं के नाम पर करोड़ों के बजट वाले इस संस्थान में भविष्य के खिलाड़ियों को न तो ढंग का खाना मिल रहा है और न ही पीने को साफ पानी. हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि यहां की तुलना पिछले दिनों विवादों में रहे कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज से की जाने लगी है, जहां दूषित भोजन और पानी के चलते एक छात्रा की जान चली गई थी.

चौंकाने वाली बात यह है कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन उसका ही एकमात्र आवासीय खेल संस्थान बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है.

प्रदेश भर से आए खिलाड़ी और उनके अभिभावक बार-बार अव्यवस्थाओं की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक न कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही सुधार की गंभीर पहल. सवाल यह है कि जब प्रदेश का इकलौता आवासीय खेलकूद संस्थान ही गंभीर अव्यवस्थाओं में डूबा रहेगा, तो प्रदेश से खेल प्रतिभाएं कैसे उभरेंगी? अब देखना यह है कि जिम्मेदार कब जागेंगे और खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे या फिर यह संस्थान यूं ही सरकारी उदासीनता व प्रबंधन की लापरवाही की भेंट चढ़ता रहेगा.खेल मैदानों की स्थिति भी चिंताजनक है. कई खेलों के लिए आवश्यक उपकरण या तो उपलब्ध नहीं हैं या फिर बेहद घटिया हालत में हैं. प्रशिक्षकों की कमी और नियमित अभ्यास का अभाव खिलाड़ियों की प्रतिभा को कुंठित कर रहा है. इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ फाइलों में योजनाएं दौड़ा रहे हैं. समय रहते अगर अव्यवस्था दूर नहीं हुई तो खेलकूद संस्थान बंद होने की कगार पर पहुंच जाएगा.

### कच्ची रोटियां और पतली दाल खाने की लाचारी

प्रदेश के एकमात्र शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में अध्ययनरत खिलाड़ियों को मिलने वाली डाइट के नाम पर यहां केवल खानापूर्ति हो रही है. छात्र हेमंत परमार ने बताया कि मेस में रोटियां अक्सर कच्ची दी जाती हैं. मीनू के अनुसार पोषण युक्त भोजन नहीं मिलता. नियमों के मुताबिक ठंड की शुरुआत से ही डाइट में अंडे शामिल होने थे, लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि इन्हें अब देना शुरू किया गया है. सूत्रों की मानें तो यहां अब तक भोजन का टेंडर ही नहीं हो सका है. पूर्व में जो ठेकेदार भोजन सप्लाई का काम करते थे, उनका लाखों रुपए अटका हुआ है. यहां सालों से टिके प्राचार्य और अन्य शिक्षकों द्वारा बरती जा रही भर्राशाही के चलते अगर प्रदेश का एकमात्र संस्थान बंद हो जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी.

### टंकी का पानी पीने को मजबूर खिलाड़ी छात्र

छात्रों की मानें तो संस्थान के छात्रावास के भीतर लगा वाटर कूलर सालों से शोपीस बना हुआ है. मजबूरी में छात्र सीधे छतों पर रखी टंकियों का पानी पी रहे हैं. हैरानी की बात यह है कि इन टंकियों की सालों से सफाई नहीं हुई है. इसी दूषित पानी का उपयोग मेस में खाना बनाने के लिए भी किया जा रहा है। मेस के भीतर चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है, जो संक्रामक बीमारियों को खुला निमंत्रण दे रहा है. सूत्रों की मानें तो संस्थान में जारी भर्राशाही की अगर निष्पक्षता से जांच हो जाए तो कई रहस्योद्घाटन सामने आ सकते हैं तो लाखों रुपए की बंदरबांट की कहानी स्कूल प्रबंधन की कलई खोल सकती है.

### दूषित पानी के सेवन से छात्र को हुआ था पीलिया

आवासीय खेलकूद संस्थान प्रबंधन की लापरवाही का सबसे बड़ा शिकार 9वीं का छात्र योगेंद्र यादव हुआ. दूषित पानी पीने की वजह से योगेंद्र को पीलिया हो गया.हालत इतनी बिगड़ी कि उसे इलाज के लिए अपने घर जाना पड़ा, जहां वह 15 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा। हाल ही में स्वस्थ होकर लौटे योगेंद्र की आपबीती यहां के अन्य छात्रों के डर को और बढ़ा रही है. अन्य छात्रों का भयभीत होना जरूरी भी है, क्योंकि यहां मेस में मिलने वाला भोजन मेन्यू के अनुसार नहीं है तो साफ पानी के अभाव में उन्हें उन टंकियों का पानी पीना पड़ रहा है जो कई महीनों से साफ ही नहीं हो सकी हैं. इतना ही नहीं कई कमरों में साफ-सफाई का अभाव है, स्कूल व छात्रावास के सभी शौचालय बदहाल हैं.

### सुधार के निर्देश दिए जाएंगे

आवासीय खेलकूद संस्थान के छात्रावास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जल्द ही सुधार के निर्देश दिए जाएंगे ताकि छात्रों को कोई असुविधा न हो.

**आलोक शर्मा,**
प्राचार्य, आवासीय संस्थान

### कांग्रेस ने प्राचार्य के खिलाफ खोला मोर्चा



**सीहोर.** दो दिन पहले शहर के चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय में पौधरोपण करने गए एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं और कॉलेज प्राचार्य के बीच हुई नोकझोंक के बाद गुरुवार को जब कॉलेज प्राचार्य व स्टाफ एनएसयूआई के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचा तो एनएसयूआई के समर्थन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती व अन्य कांग्रेस नेता भी थाने पहुंचे और छात्र नेताओं से प्राचार्य के खिलाफ आवेदन थाना प्रभारी को दिलाया गया है. इस आवेदन में प्राचार्य पर पौधरोपण कार्यक्रम में व्यवधान डालने और जातिसूचक गालियां देने की शिकायत करते हुए प्राचार्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है. एनएसयूआई के हरिओम सिसोदिया, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, यश यादव और तनिष त्यागी द्वारा आवेदन में बताया कि हम एनएसयूआई द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ भविष्य के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पीजी कॉलेज में पौधरोपण करने गए थे. उस वक्त स्टाफ द्वारा उन्हें रोका गया और प्राचार्य ने कार्यकर्ताओं को जातिसूचक गालियां देकर उन्हें मानसिक प्रताड़ित किया. इस दौरान छात्र नेताओं ने कॉलेज प्राचार्य रोहिताश्व शर्मा के खिलाफ कई संगीन आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है. कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री गुजराती ने कहा कि शीघ्र ही प्राचार्य के खिलाफ कांग्रेस द्वारा आंदोलन शुरू किया जाएगा.

## आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

नवभारत न्यूज

**बुधनी 08 जनवरी.** नगर में आवारा और पालतु कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. गली-मोहल्लों, स्कूल मार्गों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर कुत्तों के झुंड आए दिन राहगीरों पर हमला कर रहे हैं. बढ़ते डॉग बाइट के मामलों से नगर में भय का माहौल बना है.

सिविल अस्पताल में प्रतिदिन 2 से 4 डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं. जिनमें स्कूली बच्चे, मजदूर, बुजुर्ग और राहगीर शामिल हैं. कई मामलों में घाव गंभीर होने पर पीड़ितों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाकर प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है. पूर्व में भी डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं को लेकर मीडिया द्वारा मामला उठाया गया था, जिसके बाद नगर परिषद ने अभियान चलाते हुए कुछ लोगों को नोटिस जारी किए थे, लेकिन वर्तमान में फिर हालात बेकाबू होते दिख रहे हैं. गत दिवस बेरखेड़ी स्थित नर्मदा पुल घाट पर पत्रकार बसंत माझी पर कुत्ते ने हमला कर दिया. हमले में उनके पैर में गंभीर चोट आई. इस घटना ने नगर में कुत्तों के बढ़ते खतरे को और उजागर कर दिया है. कुत्तों से बचने के प्रयास में लोग गिरकर घायल हो रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है. नगरवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि आवारा कुत्तों को तत्काल पकड़ा जाए, नसबंदी व टीकाकरण अभियान चलाया जाए, पालतु कुत्तों के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं.

## बाघ-बाघिन की मौजूदगी से कई गांवों में दहशत

- एनएच 46 पर दिखने से वन विभाग टीम कर रही सर्चिंग
- ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की दी वन विभाग ने सलाह

नवभारत न्यूज

**बुधनी 08 जनवरी.** वन परिक्षेत्र में बाघ की मौजूदगी से क्षेत्र में हड़कंप मचा है. जानकारी के अनुसार बुधनी नेशनल हाइवे-46 पर जोशीपुर-बगवाड़ा के बीच बाघ और बाघिन देखे जाने की सूचना राहगीरों एवं ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में सघन तलाश अभियान शुरू किया.

तलाश के दौरान यह जानकारी सामने आई कि बाघ ने खेतों के पास एक जंगली सुअर का शिकार किया था. शिकार के बाद बाघ खेतों से होते हुए जंगल की ओर चला गया. फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन एहतियातन वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है

वन परिक्षेत्र अधिकारी राजित द्विवेदी ने बताया कि नेशनल हाइवे के समीप खेतों में बाघ और बाघिन के मूवमेंट की सूचना मिली थी, जिसके बाद वन अमले को तुरंत मौके पर भेजा गया. काफी देर तक तलाश की गई. ग्रामीणों को मुनादी कराकर सूचना दी गई है और उन्हें रात के समय अकेले जंगल क्षेत्र की ओर न जाने की सख्त हिदायत दी गई है.सर्चिंग के दौरान बुधनी पुलिस की टीम साथ रही.



उल्लेखनीय है कि बुधनी वन परिक्षेत्र, रातापानी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है, जहां बाघ, तेंदुआ सहित कई अन्य वन्यजीव पाए जाते हैं. शिकार की तलाश में वन्यजीव कई बार रहवासी इलाकों की ओर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की है.

## मारपीट व तोड़फोड़ के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

- पीड़ित परिवार ने एसपी आफिस में दिया आवेदन
- छह जनवरी को दुकान में तोड़फोड़ व मारपीट की थी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 08 जनवरी.** शहर के बस स्टैंड स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर तोड़फोड़ के आरोपियों पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत पीड़ित परिवार ने एसपी आफिस में आकर गुहार लगाई है.



गौरतलब है कि गत छह जनवरी को बस स्टैंड स्थित एक दुकान पर आरोपियों ने तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की थी. इस मामले में पुलिस ने रात में रिपोर्ट तो लिख ली, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई. इससे आक्रोशित होकर गुरुवार को पीड़ित परिवार एसपी आफिस पहुंचा और आवेदन देकर न्याय की मांग की है. पीड़ित आकाश दिनकर ने बताया कि एक दिन पहले 5 जनवरी को उसके भाई सार्थक के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी. सार्थक ने रात में ही आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की. अगले दिन आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ व मारपीट की. पीड़ित परिवार का कहना है कि दोषियों पर ठोस कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है तो हमारा पूरा परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा.

## सहस्त्र चंडी महायज्ञ 18 से प्रारंभ होगा

नवभारत न्यूज

सीहोर 08 जनवरी. प्राचीन करोली माता मंदिर में आगामी 18 से 27 जनवरी तक प्रतिदिन सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह है. आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है. जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर आदि को शामिल किया गया है.

यज्ञ के सूत्रधार तरुण राठौर ने बताया कि दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा. जिसमें क्षेत्रवासियों के अलावा यज्ञकर्ता सहित विप्रजन भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे. यज्ञ का शुभारंभ मौनी अमावस से पूर्ण विधि-विधान के साथ किया जाएगा. पहले दिन भव्य कलश यात्रा हेमाद्री दोपहर तीन बजे और 19 जनवरी को अग्नि स्थापना नित्य हवन पूजन सुबह सात बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी. तरुण राठौर ने बताया कि शहर में लंबे समय के बाद सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है. महायज्ञ के लिए आयोजन स्थल पर तैयारियों को व्यापक रूप से अंजाम दिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए भंडारा भी जारी रहेगा.

**निरीक्षण** कलेक्टर व एसपी ने कुबेरेश्वर धाम पर किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

## कुबेरेश्वर धाम पर कथा के दौरान श्रद्धालुओं को नहीं मिलेंगे रुद्राक्ष

नवभारत न्यूज

**सीहोर 08 जनवरी.** कुबेरेश्वर धाम में आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के दृष्टिगत कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया.

कलेक्टर ने कहा कि कथा में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को ध्यान में रखते हुए आयोजन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो. जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जि मेदारी सौंपी गई है, वे अपने दायित्वों को गंभीरता के साथ समझें और मौके पर उपस्थित रहकर कार्य करें.

कलेक्टर ने आयोजन समिति के सदस्यों से भी चर्चा करते हुए कहा कि समिति के सभी सदस्य अपने कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों को भली-भांति समझें तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें. किसी भी कार्य में देरी या लापरवाही सीधे तौर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है.

यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कथा के दौरान किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो. ऑटो स्टैंड की समुचित व्यवस्था, स्टैंड तक पहुंचने के लिए उचित ढलान निर्माण तथा वाहनों की आवाजाही के लिए सुव्यवस्थित मार्ग बनाए जाएं. उन्होंने कहा कि हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू किया जाए. कलेक्टर



ने सड़क मार्गों पर पर्याप्त संकेतक, फ्लेक्स एवं सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग संबंधी किसी प्रकार की परेशानी न हो. इसके साथ ही उन्होंने अनाउंसमेंट सिस्टम को सक्रिय रखने के निर्देश दिए, जिससे यातायात एवं आवश्यक सूचनाएं समय पर श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जा सकें.

### खेलो एमपी फुटबाल स्पर्धा का ट्रायल

**सीहोर.** मप्र फुटबाल संघ के सहयोग से चर्च मैदान पर होने वाली खेलो एमपी फुटबाल प्रतियोगिता के लिए करीब 50 से अधिक खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया ट्रायल में हिस्सा लिया. ट्रायल को लेकर जिला फुटबाल संघ के सचिव मनोज कन्नोजिया ने एक चयन समिति का गठन किया है. जिसमें सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, सुयश कन्नोजिया, अताउल्ला खान और दीपक अहिरवार को शामिल किया गया है. प्रतियोगिता के लिए आष्टा, इछावर, नसरुल्लागंज, सीहोर सहित आस-पास के खिलाड़ियों ने भाग लिया. इसके बाद टीम का गठन किया जाएगा.